# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 18.01.2026 / 9:20बजे

**मुख्य समाचार''**

- प्रदेश मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने दिए संकेत।

- केंद्र सरकार की मौसम आधारित सेब फसल बीमा योजना से बागवानों को प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का मिल रहा मुआवज़ा।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वी.बी.– जी राम जी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बताया मददगार– कहा– कांग्रेस का विरोध बेबुनियाद।

- चंबा के चौगान में 25 व 26 जनवरी को आयोजित किया जाएगा ईट राइट मेला–सही खानपान के बारे में लोगों किया जाएगा जागरूक।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों से राज्य के विभिन्न मसले उठाए गए हैं। दिल्ली दौरे के बाद शिमला लौटने पर कल पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाने, राज्य के लिए हर साल 10 हजार करोड़ रुपए की रेवेन्यू डेफिसिएट ग्रांट और पीएम मोदी द्वारा घोषित 15 सौ करोड़ रुपए का पैकेज जल्द जारी करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई है जिस पर केंद्रीय मंत्रियों ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही है। इस दौरान सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल भी किया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री से कल विभिन्न राज्यों के भ्रमण से लौटे चिल्ड्रन ऑफ स्टेट बच्चों ने मुलाकात की और अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की चिल्ड्रन ऑफ स्टेट योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है और सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर आम लोगों तक सरकारी संपदा पहुंचाने का काम किया है।

**फसल बीमा**

केंद्र सरकार द्वारा सेब बागवानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए मौसम आधारित सेब फसल बीमा योजना चलाई गई है। इस योजना से जनजातीय जिला किन्नौर के हजारों बागवानों को आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। योजना के तहत किन्नौर जिले में अब तक 7 हजार 617 नॉन–लोनिंग बागवान पंजीकृत किए जा चुके हैं।

**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट**

केंद्र सरकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 आयोजित करेगी। राष्ट्रीय राजधानी में आज से शुरू हो रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत यह प्रदर्शनी कारीगरों और शिल्पकारों को विशेषरूप से समर्पित है। इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 का उद्देश्य परंपरागत शिल्प में देश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करना और उसका उत्सव मनाना है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य कारीगरों को अपने हस्त निर्मित उत्पादों को देश–विदेश के खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने प्रदर्शित और बेचने का मंच उपलब्ध करना है। इस आयोजन में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 117 से अधिक कारीगर भाग लेंगे, जिससे यह विविध पारंपरिक कौशल और शिल्पों का अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व करेगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना, उनकी पहचान मजबूत करना और टिकाऊ आजीविका के अवसर सृजित करना भी है।

**मंत्रिमंडल बैठक**

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक कल शिमला में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू करेंगे। बैठक में प्रदेश के चयनित स्कूलों में सीबीएसई पाठ्‌यक्रम की गाइडलाइंस को मंजूरी प्रदान करने की संभावना है।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है और माफिया राज हावी हो गया है। कल कुल्लू में मनाली और लाहौल विधानसभा संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्री और अधिकारी अपने में व्यस्त हैं जबकि आम जनता और सरकारी कर्मचारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री व उप–मुख्यमंत्री का ध्यान केवल अपने मित्रों को कैबिनेट रैंक बांटने और परिवार के सदस्यों को नौकरी व पैंशन के लाभ पहुंचाने तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा चुनाव के समय दी गई हरसाल एक लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने केंद्र की वीबी– जी राम जी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मददगार बताया।

**ईट राइट–मेला**

चम्बा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में 25 व 26 जनवरी को ईट राइट मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य सही खान–पान के जरिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने बारे लोगों को

जागरूक करना है। चंबा के उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि मेले के दौरान दो दिनों तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान एक विशेष मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन द्वारा खाद्य पदार्थों की आसान टेस्टिंग करने बारे भी लोगों का ज्ञानवर्धन किया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम ने करवट ली है। लाहौल–स्पीति ज़िले में बर्फबारी के चलते कई ऊंचाई वाले सड़क मार्ग प्रभावित हैं। लाहौल में कोकसर से रोहतांग व दारचा से सरचू सड़क मार्ग बंद है और शिंकुला टॉप सड़क बर्फबारी की वजह से प्रभावित हुई है। वहीं स्पीति में ग्रांफू से बाथल और लोसर से बाथल सड़क मार्ग बर्फबारी के चलते बंद हैं। आज भी किन्नौर, चंबा तथा कुल्लू में बादल छाए हुए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम से हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि मध्यवर्ती व मैदानी क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी के कम आसार हैं।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– **मत्रिमंडल में होगा फेरबदल, नई योजनाएं लाएगी सरकार।** हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**खनन पर शिकंजा– हिमाचल सरकार ने बदले नियंम– कैबिनेट से मिली मंजूरी के बाद वन भूमि पर खनन अब सख्त शर्तों के तहत ही होगा।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**गग्गल बना विस्थापन का बेहतरीन मॉडल– पौंग–भाखड़ा विस्थापित अब तक भटक रहे हक की खातिर, कांगड़ा हवाई अड्डे में नहीं आई कोई दिक्कत।**

**हिमाचल हाईकोर्ट ने रद्द किया एकल पीठ का फैसला** शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–**शारीरिक शिक्षा अध्यापकों की भर्ती में निर्धारित योग्यता में छूट देने से इंकार।**

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**पहाड़ों पर फिर बर्फबारी, एक हफ्ते पहाड़ों में ऐसा रहेगा मौसम।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "**

- प्रदेश मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने दिए संकेत।
- केंद्र सरकार की मौसम आधारित सेब फसल बीमा योजना से बागवानों को प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का मिल रहा मुआवज़ा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वी.बी.– जी राम जी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बताया मददगार– कहा– कांग्रेस का विरोध बेबुनियाद।
- चंबा के चौगान में 25 व 26 जनवरी को आयोजित किया जाएगा ईट राइट मेला–सही खानपान के बारे में लोगों किया जाएगा जागरूक।